तिलेश्वरी कोच- असम की एक गुमनाम नायिका

तिलेश्वरी कोच,असम के ढेकियाजुली की एक युवा स्वतंत्रता सेनानी और **भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC)** की सक्रिय सदस्य थीं।

- 20 सितंबर,1942 को भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें 12 साल की उम्र में अंग्रेज़ों द्वारा तब गोली मार दी गई, जब उन्होंने और कुछ अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने असम में एक पुलिस स्टेशन पर तिरंगा फहराने का प्रयास किया था।
- **भारत छोड़ो आंदोलन** का प्रारंभ महात्मा गांधी द्वारा **8 अगस्त, 1942** को **मुंबई** में **अखिल भारतीय कॉन्ग्रेस कमेटी के सत्र** के दौरान **ब्रिटिश शासन को समाप्त करने की मांग** को लेकर किया गया था।
    - उन्होंने **गोवालिया टैंक मैदान** में दिये अपने भाषण में "**करो या मरो**" का आह्वान किया।
    - इस आंदोलन ने अंग्रेज़ों के साथ राजनीतिक वार्ता की प्रकृति को बदल दिया, जिससे अंततः **भारत की स्वतंत्रता का मार्ग** प्रशस्त हुआ।
- INC की स्थापना **दिसंबर 1885** में ए.ओ. ह्यूम द्वारा **बॉम्बे** में की गई थी, जो एक सेवानिवृत्त ब्रिटिश अधिकारी थे।
    - इसका गठन भारतीयों और अंग्रेज़ों के बीच नागरिक चर्चा को सुविधाजनक बनाने के लिये किया गया था।
    - कॉन्ग्रेस के **प्रारंभिक चरण** का नेतृत्व **दादाभाई नौरोजी, गोपाल कृष्ण गोखले जैसे उदारवादी नेताओं** ने किया था, जो उदारवादी मांगों एवं संवैधानिक तरीकों पर अधिक निर्भर था।
    - जबकि बाद में वर्ष 1905 से कॉन्ग्रेस का नेतृत्व **बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय जैसे चरमपंथी नेताओं** ने किया, जिन्होंने पूर्ण स्वतंत्रता की मांग की तथा चरमपंथी दृष्टिकोण का समर्थन किया।

और पढ़ें : भारत छोड़ो आंदोलन, भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tileswari-koch-an-unsung-hero-of-assam